**बिहार सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**

आ0सं0:    यो0स्था04 / 1–09 / 2025    / यो0,वि0,पटना,दिनांक    जनवरी, 2026

# आदेश

जिला योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, रोहतास के पत्रांक–1762 दिनांक–15.09.2025 द्वारा विभाग को सूचित किया गया था कि सुश्री अजकिया जावेद, तत्कालीन सहायक योजना पदाधिकारी, रोहतास द्वारा दिनांक–08.07.2025 से दिनांक–14.07.2025 एवं दिनांक–16.07.2025 से दिनांक–18.07.2025 कुल 10 दिनों तक अपने पदस्थापन कार्यालय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रही है।

उक्त मामले के संबंध में विभागीय पत्रांक–5635 दिनांक–26.09.2025 द्वारा सुश्री जावेद को अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया जिसके अनुपालन में उनके द्वारा विषय से विषयांतर होकर स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य समर्पित किया गया।

उक्त स्थिति में विभागीय पत्रांक–6184 दिनांक–12.11.2025 द्वारा उक्त मामले में बिन्दुवत स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से विभाग को समर्पित करने का निदेश दिया गया जिसके अनुपालन में उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में कोई नया तथ्य / साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। तदोपरांत उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निदेशित किया गया कि उक्त मामले के संबंध में बिन्दुवत स्पष्टीकरण एवं संगत साक्ष्य पत्र प्राप्ति के 07 (सात) कार्य दिवस के अंदर अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से विभाग को समर्पित करना सुनिश्चित करें।

सुश्री अजकिया जावेद, तत्कालीन सहायक योजना पदाधिकारी, रोहतास सम्प्रति प्रतिनियुक्त क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोशी प्रमंडल, सहरसा द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गई। सम्यक् समीक्षोपरांत सुश्री जावेद को भविष्य में अपने कर्त्तव्य के प्रति सचेत रहने के निदेश के साथ उनका स्पष्टीकरण स्वीकार किया जाता है।

आदेश प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0 / –
**(ददन प्रसाद खरवार)**
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक:    यो0स्था04 / 1–09 / 2025    / यो0,वि0,पटना,दिनांक    जनवरी, 2026

प्रतिलिपि:    अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोशी प्रमंडल, सहरसा / जिला योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, रोहतास / सुश्री अजकिया जावेद, तत्कालीन सहायक योजना पदाधिकारी, रोहतास सम्प्रति प्रतिनियुक्त क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोशी प्रमंडल, सहरसा को सूचनार्थ प्रेषित।

**ई–मेल / डाक**

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः योा0स्था04 / 1–09 / 2025 - 200 / यो0,वि0,पटना,दिनांक 14 जनवरी, 2026

प्रतिलिपिः आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Prasad
14/01/2026

सरकार के उप सचिव